Bio-Medical Waste (Management & Handling) Rules 1998

रजिस्ट्री सं॰ डी॰ एल॰-33004/98

REGD. NO. D. L.-33004/98

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

असाधारण

EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)

PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 460] नई दिल्ली, सोमवार, जुलाई 27, 1998/श्रावण 5, 1920

No. 460] NEW DELHI, MONDAY, JULY 27, 1998/SRAVANA 5, 1920

पर्यावरण और वन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली 20 जुलाई, 1998

का. आ. 630 (अ).—पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 6, धारा 8 और धारा 25 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, का. आ. 746 (अ), तारीख 16 अक्तूबर, 1997 द्वारा एक अधिसूचना राजपत्र में प्रकाशित की गई थी, जिसमें उक्त अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से साठ दिन के भीतर जीव चिकित्सा अपशिष्ट (प्रबंधन और हस्तन) नियम, 1998 के संबंध में जनता से आक्षेप मांगे गए थे और प्राप्त हुए सभी आक्षेपों पर सम्यक् रूप से विचार किया गया था; अतः, अब केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा -6, धारा 8 और धारा 25 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, जीव-चिकित्सा अपशिष्ट के प्रबंध और हस्तन के लिए नियम अधिसूचित करती है।

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ : (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम जीव-चिकित्सा अपशिष्ट (प्रबंध और हस्तन) नियम, 1998 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. लागू होना : ये नियम उन सभी व्यक्तियों पर लागू होंगे, जो किसी भी रूप में जीव चिकित्सा अपशिष्ट का जनन, संग्रहण, ग्रहण, भंडारण, परिवहन, उपचार, व्ययन व हस्तन करते हैं।

3. परिभाषाएं : जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो इन नियमों में,-

(1) ''अधिनियम'' से पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम,1986 (1986 का 28) अभिप्रेत है।

(2) ''पशुग्रह'' से ऐसा स्थान अभिप्रेत है जहां अनुसंधान या परीक्षण के प्रयोजनों के लिए पशुओं का पालन-पोषण किया जाता है/रखा जाता है।

(3) ''प्राधिकरण'' से इन नियमों के अनुसार और केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किये गये दिशा-निर्देशों के अनुसार जीव-चिकित्सा अपशिष्ट के जनन, संग्रहण, ग्रहण, भंडारण, परिवहन, उपचार, व्ययन और/या किसी अन्य रूप में हस्तन के लिए विहित प्राधिकरण द्वारा दी गई अनुज्ञा अभिप्रेत है।

(4) ''प्राधिकृत व्यक्ति'' से इन नियमों के अनुसार और केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए मार्ग दर्शन सिद्धान्तों के अनुसार जीव-चिकित्सा अपशिष्ट के जनन, संग्रहण, ग्रहण, भंडारण, परिवहन, उपचार, व्ययन और/या हस्तन के लिए विहित प्राधिकरण द्वारा प्राधिकृत अधिभोगी या प्रचालक अभिप्रेत है।

(5) ''जीव चिकित्सा अपशिष्ट'' से कोई अपशिष्ट अभिप्रेत है, जिसका जनन मानवों या पशुओं के निदान, उपचार या प्रतिरक्षीकरण के दौरान या उनसे संबंधित किसी अनुसंधान क्रियाकलापों या जैविकों के उत्पादन या परीक्षण के दौरान हुआ है और अनुसूची-1 में वर्णित प्रवर्ग-I आते हैं।

(6) ''जैविक'' से अभिप्रेत है, जीवों या सूक्ष्म जीवों का उपापच्य और जैव रासायनिक प्रतिक्रियाओं के उत्पादों से बनाई गई विनिर्मितियां, जो मानवों या पशुओं के निदान, प्रतिरक्षीकरण या उपचार में या उनसे संबंधित अनुसंधान क्रिया-कलापों में उपयोग के लिए आशयित है।

(7) ''जैव चिकित्सा अपशिष्ट उपचार सुविधा'' से कोई ऐसी सुविधा अभिप्रेत है जिसमें जीव-चिकित्सा अपशिष्ट उपचार, व्ययन या ऐसे उपचार या व्ययन से आनुसंगिक प्रक्रियाएं की जाती हैं।

(8) जीव चिकित्सा अपशिष्ट का जनन करने वाली किसी संस्था,जिसके अंतर्गत कोई अस्पताल, परिचर्यागृह, क्लीनिक, डिस्पैन्सरी, पशु चिकित्सा संस्थान, पशुग्रह, विकृति विज्ञान प्रयोगशाला, रक्त बैंक जिसका कोई भी नाम हो, के संबंध में ''अधिभोगी'' से कोई ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है, जिसका उक्त संस्था या उसके परिसरों पर नियंत्रण है।

(9) ''जीव चिकित्सा अपशिष्ट सुविधा का प्रचालन'' से ऐसा कोई व्यक्ति अभिप्रेत है जो जीव चिकित्सा अपशिष्ट के संग्रहण, ग्रहण, भंडारण, परिवहन, उपचार, व्ययन या हस्तन के किसी अन्य रूप को सुविधा का स्वामी है या उसका प्रचालन करता है।

(10) ''अनुसूची'' से इन नियमों से उपाबद्ध अभिप्रेत है।

4. अधिभोगी के कर्तव्य : जीव चिकित्सा अपशिष्ट का जनन करने वाले किसी संस्थान, जिसके अंतर्गत कोई अस्पताल, परिचर्यागृह, क्लीनिक, डिस्पैन्सरी, पशु चिकित्सा संस्थान, पशुग्रह, पैथोलोजिकल प्रयोगशाला, रक्त बैंक, चाहे वे किसी नाम से जाने जाते हों, आते हैं, के प्रत्येक अधिभोगी का यह कर्तव्य होगा कि यह सुनिश्चित करने के लिए सभी कदम उठाएं की ऐसे अपशिष्ट का हस्तन मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण पर कोई विपरीत प्रभाव न डाले।

5. उपचार और व्ययन : (1) जीव-चिकित्सा अपशिष्ट का उपचार और व्ययन अनुसूची I के अनुसार और अनुसूची में V विहित मानकों की अनुपालना में किया जाएगा।

(2) प्रत्येक अधिभोगी, जहां अपेक्षित हो, अनुसूची 6 में समय-सूची के अनुसार, अपशिष्ट के उपचार के लिए अपेक्षित जीव-चिकित्सा अपशिष्ट उपचार सुविधाओं जैसे इनसिनेरेटर्स, ऑटोक्लेव, माइक्रोवेव प्रणाली की स्थापना करेगा या किसी अन्य अपशिष्ट उपचार सुविधा पर, अपशिष्ट के अपेक्षित उपचार सुनिश्चित करेगा।

6. पृथक्करण, पैकेजिंग, परिवहन और भंडारण : (1) जीव चिकित्सा अपशिष्ट को किसी अन्य अपशिष्ट के साथ मिलाया नहीं जाएगा।

(2) जीव चिकित्सा अपशिष्ट को, उसके भंडारण, परिवहन, उपचार और व्ययन से पहले अनुसूची 2 के अनुसार जनन बिंदु पर आधानों/बैगों में पृथक किया जाएगा। आधानों पर अनुसूची 3 के अनुसार लेबल लगाया जाएगा।

(3) यदि आधान का परिवहन, उन परिसरों से जहां जीव-चिकित्सा अपशिष्ट का जनन होता है, परिसरों से बाहर किसी अपशिष्ट उपचार सुविधा को किया जाता है तो आधानों पर अनुसूची 3 में विहित लेबल के साथ अनुसूची 4 में विहित जानकारी भी दर्शित होगी।

(4) मोटर यान अधिनियम, 1988 या उसके अधीन नियमों में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, अनुपचारित जीव-चिकित्सा अपशिष्ट का परिवहन केवल ऐसे यान में किया जाएगा जिसे सरकार द्वारा यथा विनिर्दिष्ट सक्षम प्राधिकारी द्वारा इस प्रयोजन के लिए प्राधिकृत किया जाए।

(5) कोई अनुपचारित जीव चिकित्सा अपशिष्ट 48 घंटे की अवधि से परे भंडारित नहीं रखा जाएगा-

परन्तु यह कि यदि किसी कारण से ऐसी अवधि से परे अपशिष्ट का भंडारण आवश्यक हो जाता है तो प्राधिकृत व्यक्ति को विहित प्राधिकारी से अनुज्ञा प्राप्त करनी चाहिए और यह सुनिश्चित करने के लिए उपाय करना चाहिए कि अपशिष्ट मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण को विपरीत रूप से प्रभावित न करें।

7. विहित प्राधिकारी : (1) प्रत्येक राज्य और संघ राज्य क्षेत्र की सरकार, ऐसे सदस्यों के साथ विहित प्राधिकरण स्थापित करेगी जो प्राधिकार मंजूर करने के लिए इन नियमों को कार्यान्वित करने के लिए विनिर्दिष्ट किए जाएं। यदि विहित प्राधिकरण में एक से अधिक सदस्य हैं, तो प्राधिकरण के लिए अध्यक्ष अभिहित किया जाएगा।

(2) राज्य या संघ राज्य क्षेत्र के लिए विहित प्राधिकरण इन नियमों के प्रस्तुत होने के एक माह के भीतर नियुक्त किए जाएंगे।

(3) विहित प्राधिकरण, अपनी-अपनी राज्य या संघ राज्य क्षेत्र सरकार के पर्यवेक्षण और नियंत्रण के अधीन कृत्य करेंगे।

(4) विहित प्राधिकरण, प्ररूप 1 के प्राप्त होने पर ऐसी जांच करेगा जो वह ठीक समझे और यदि उसका यह समाधान हो जाता है कि आवेदक के पास इन नियमों के अनुसार जीव चिकित्सा अपशिष्ट की आवश्यक क्षमता है तो, यथास्थिति, प्राधिकरण को मंजूर या नवीकृत करेगा।

(5) प्राधिकार तीन वर्ष की अवधि के लिए मंजूर किया जाएगा, जिसके अंतर्गत जारी करने की तारीख से एक वर्ष की आरंभिक परीक्षण अवधि भी है। इसके पश्चात् एक आवेदन नवीकरण के लिए अधिभोगी /प्रचालक द्वारा किया जाएगा। ऐसे सभी पश्चात्वर्ती प्राधिकार तीन वर्ष की अवधि के लिए होंगे। अंतिम प्राधिकार परीक्षण अवधि के लिए मंजूर किया जाएगा जिससे सुविधा की क्षमता प्रदर्शित करने के लिए अधिभोगी/प्रचालक को समर्थ बनाया जा सके।

(6) विहित प्राधिकरण, आवेदक को सुनवाई का उचित अवसर देने के पश्चात् और उन कारणों से लेखबद्ध किए जाएंगे, प्राधिकार देने से या नवीकृत करने से इंनकार कर सकेगा।

(7) प्राधिकार के लिए प्रत्येक आवेदन का विहित प्राधिकारी द्वारा आवेदन की प्राप्ति की तारीख से नब्बे दिन के भीतर निपटारा किया जाएगा।

(8) विहित प्राधिकरण द्वारा प्राधिकार रद्द या निलंबित किया जा सकेगा यदि उन कारणों से जो लेखबद्ध किए जाएंगे अधिभोगी/प्रचालक अ( नेयम या इन नियमों के किसी उपबंध का अनुपालन करने में असफल हो जाता है :

8. प्राधिकार : (1) क्लीनिकों, डिस्पैन्सरियों, पैथोलॉजिकल प्रयोगशालाओं, रक्त बैंकों, के ऐसे अधिभोगियों को छोड़कर, जो प्रतिमाह 1000 (एक हजार) से कम मरीजों का उपचार कर रहे हैं/सेवाएं दे रहे हैं, जैव चिकित्सा अपशिष्ट का उत्सर्जन, संग्रहण, भंडारण एक जगह से अन्यत्र ले जाने, निपटान करने और अथवा किसी अन्य ढंग से उनका हथालन करने वाले संस्थान का प्रत्येक अधिभोगी प्राधिकरण की मंजूरी के लिए विहित सक्षम प्राधिकारी के समक्ष फार्म-1 में आवेदन प्रस्तुत करेगा।

(2) जीव चिकित्सा अपशिष्ट सुविधा का प्रत्येक प्रचालक, प्राधिकार मंजूर करने के लिए विहित प्राधिकारण को प्ररूप 1 में आवेदन करेगा।

(3) प्राधिकार मंजूर करने के लिए प्ररूप 1 में प्रत्येक आवेदन के साथ ऐसी फीस होगी जो राज्य या संघ क्षेत्र सरकार द्वारा विहित की जाए।

9. सलाहकार समिति : प्रत्येक राज्य या संघ राज्य क्षेत्र की सरकार एक सलाहकार समिति का गठन करेगी। समिति में चिकित्सा और स्वास्थ्य, पशुपालन और पशु चिकित्सा विज्ञान, पर्यावरणीय प्रबंध, नगरपालिका प्रशासन, के क्षेत्रों के विशेषज्ञ और कोई अन्य संबंधित विभाग या संगठन जिसके अंतर्गत गैर सरकारी संगठन आते हैं, सम्मिलित होंगे। राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड/प्रदूषण नियंत्रण समिति को प्रतिनिधित्व दिया जाएगा। जब और जैसा अपेक्षित हो, समिति, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार और विहित प्राधिकरण को इन नियमों के कार्यान्वयन संबंधी मामलों के बारे में सलाह देगी।

10. वार्षिक रिपोर्ट : प्रत्येक अधिभोगी प्रचालक प्रतिवर्ष 31 जनवरी तक प्ररूप 2 में विहित प्राधिकरण को वार्षिक रिपोर्ट भेजेगा जिसमें पूर्ववर्ती वर्ष के दौरान संस्था द्वारा हथाले गए जीव-चिकित्सा अपशिष्टों के प्रकार और मात्रा के बारे में जानकारी होगी। उक्त प्राधिकरण द्वारा इस सूचना को संकलित रूप में प्रत्येक वर्ष 31 मार्च तक केन्द्रीय नियंत्रण बोर्ड को भेजा जाएगा।

11. अभिलेखों का अनुरक्षण : प्रत्येक प्राधिकृत व्यक्ति, इन नियमों तथा इस संबंध में किसी भी दिशा-निर्देश के अनुसार, जैव-चिकित्सा अपशिष्टों के उत्सर्जन, संग्रहण, प्राप्तियां, संग्रहण, उन्हें एक जगह से अन्यत्र ले जाने, निपटान करने और अथवा किसी भी रूप में उनका हथालन के बारे में रिकार्ड रखेगा।

12. दुर्घटना की रिपोर्ट करना : जब कोई दुर्घटना, किसी ऐसी संस्था या सुविधा या किसी अन्य स्थल पर होती है जहां जीव चिकित्सा अपशिष्ट का हथालन होता है, या ऐसे अपशिष्टों के परिवहन के दौरान घटित होती तो प्राधिकृत व्यक्ति, दुर्घटना की रिपोर्ट प्ररूप-III में, विहित प्राधिकरण को तत्काल करेगा।

13. अपील : इन नियमों के अधीन विहित प्राधिकरण द्वारा किए गए किसी आदेश से व्यथित कोई व्यक्ति उस तारीख से तीस दिन के भीतर जिसको ऐसा आदेश उसे संसूचित किया जाता है, अपील ऐसे प्राधिकारी को करेगा, जिसका गठन करना राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार ठीक समझे :

परन्तु प्राधिकारी, तीस दिन की उक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात् अपील को ग्रहण कर सकेगा यदि उसका यह समाधान हो जाता है कि अपीलार्थी समय के भीतर अपील फाइल करने से पर्याप्त हेतुक से निवारित किया गया था।

## अनुसूची 1

(नियम 5 देखें)

### जीव चिकित्सा अपशिष्टों के प्रवर्ग

| | अपशिष्ट वर्ग | उपचार और निपटान विकल्प |
|---|---|---|
| | 1 | 2 |
| प्रवर्ग सं. 1 | मानव शारीरिक अपशिष्ट (मानव तंतु, अंग और शरीर के भाग) | भस्मन@/गहरा गाड़ना* |
| प्रवर्ग सं. 2 | पशु अपशिष्ट (पशु तंतु, अंग, शरीर के भाग, पिंजर, रक्त स्रावी भाग, द्रव, रक्त और अनुसंधान में उपयोग किए गए प्रयोगकारी पशुओं के अपशिष्ट, पशु चिकित्सा अस्पतालों, महाविद्यालयों द्वारा जनित, पशु गृहों, अस्पतालों से निस्सरित अपशिष्ट) | भस्मन@/गहरा गाड़ना* |

| | 1 | 2 |
|---|---|---|
| प्रवर्ग सं. 3 | सूक्ष्मजीव विज्ञान और जीव प्रौद्योगिकी अपशिष्ट (प्रयोगशाला संवर्धनों के अपशिष्ट, सूक्ष्मजीवों के स्टॉक या नमूने, जीवित या क्षीणीकृत वैक्सीन, मानवीय और पशु सैल संवर्धन जो अनुसंधान में प्रयुक्त हुए हों और अनुसंधान और प्रौद्योगिक प्रयोगशालाओं के संक्रामक एजेन्ट, जैविकों के उत्पादन के अपशिष्ट, संवर्धनों के अन्तरण में प्रयुक्त आविष पात्र और युक्तियां) | स्थानीय आटोक्लेविंग/ सूक्ष्म तरंगण और भस्मन@ |
| प्रवर्ग सं. 4 | अपशिष्ट तीक्ष्णाग्र (ऐसी सूइयां, सिरिंजे, स्केल्पेल, ब्लेड, शीशा आदि जिससे पंचर और कटाव हो सकता है। इसमें प्रयुक्त और अप्रयुक्त दोनों प्रकार तीक्ष्णाग्र सम्मिलित हैं | विसंक्रमण, शीर्णन** और भू-भराई/पुन: चक्रण रासायनिक उपचार@@/आटोक्लेविंग, सूक्ष्म तरंगण/मुड़ी तुड़ी) |
| प्रवर्ग सं. 5 | फैंकी गई और आविष औषध औषधियां (अपशिष्ट जिसमें पुरानी, संदूषित और त्यजित औषधियां समादिष्ट है।) | प्राप्त की गई लैंडफिल्स में भस्मन@/विनाश और औषध व्ययन |
| प्रवर्ग सं. 6 | ठोस अपशिष्ट (दूषित सूती कपड़ों, पट्टियों, प्लस्तर के सांचों, तन के धागों, बिस्तरों, रक्त से संदूषित अन्य सामग्री) | सूक्ष्मतरंगन भस्मन, आटोक्लेविंग/ भस्मन@, ऑटोक्लेविंग तरंगन |
| प्रवर्ग सं. 7 | ठोस अपशिष्ट (तीक्ष्णाग्र अपशिष्टों से भिन्न व्ययनीय मदों से जनित अपशिष्ट जैसे ट्यूब नाल-शालाएं, आई वी. सैट इत्यादि) | रासायनिक उपचार@@/ऑटो-क्लेविंग/सूक्ष्म तरंगण और शीर्णन द्वारा विसंक्रमण** |
| प्रवर्ग सं. 8 | द्रव अपशिष्ट (प्रयोगशाला और धुलाई, गृह व्यवस्था और विसंक्रमण क्रियाकलापों से जनित अपशिष्ट) | रासायनिक उपचार@@ और नलियों में प्रवाह से विसंक्रमण |
| प्रवर्ग सं. 9 | भस्मन राख (किसी भी जीव चिकित्सा अपशिष्ट के भस्मन से राख) | नगरपालिका भू-भराई में व्ययन |
| प्रवर्ग सं. 10 | रासायनिक अपशिष्ट (जैविकों के उत्पादन में प्रयुक्त रसायन, विसंक्रमण में प्रयुक्त रसायन जैसे कि कीटनाशी माल आदि) | द्रवों के लिए रासायनिक उपचार@@ और नाली में प्रवाह तथा ठोस के लिए भू-भराई |

* गाड़ने का विकल्प केवल पांच लाख से कम आबादी वाले शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में ही उपलब्ध होगा।

** मुड़ाई तुड़ाई/क्षीरणन ऐसा होना चाहिए कि अप्राधिकृत पुन: उपयोग को रोका जा सके।

@ भस्मन से पूर्व कोई रासायनिक उपचार नहीं किया जाएगा। क्लोरीन युक्त प्लास्टिक का भस्मन नहीं किया जाएगा।

@@ ऐसे रासायनिक उपचार जिनमें कम से कम एक प्रतिशत हाइपाक्लोराईड घोल या कोई अन्य समान रासायनिक रीजेंट हो। यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि रासायनिक उपचार से विसंक्रमण सुनिश्चित है।

## अनुसूची—2

**(नियम 6 देखिए)**

**जीव चिकित्सा अपशिष्टों के व्ययन के लिए रंग कोड और आधान**

| रंग कोड | आधान का प्रकार | अपशिष्ट | अनुसूची 1 के अनुसार उपचार विकल्प |
|---|---|---|---|
| पीला | प्लास्टिक बैग | प्रवर्ग 1, प्रवर्ग 2 और प्रवर्ग 3, प्रवर्ग 6 | भस्मन गहरा गाड़कर |
| लाल | विसंक्रमिक आधान 1 प्लास्टिक बैग | प्रवर्ग 3, प्रवर्ग 6, प्रवर्ग 7 | आटोकलेविंग 1 सूक्ष्म तंरगन 1 रासायनिक उपचार |
| नीला 1 पारभाषी | प्लास्टिक बैग न फटने वाला आधान, | प्रवर्ग 4, प्रवर्ग 7 | आटोकलेविग 1 सूक्ष्म तंरगना रासायनिक उपचार और विनष्टीकरण शीर्णन |
| काला | प्लास्टिक बैग | प्रवर्ग 5 और प्रवर्ग 9 तथा प्रवर्ग 10 (ठोस) | सुरक्षित भू-भराई में व्ययन |

टिप्पण :

1. अनुसूची 1 में यथापरिभाषित बहु-उपचार विकल्पों के साथ अपशिष्ट प्रवर्गों के रंग कोड का चयन, उपचार विकल्प चुने जाने पर निर्भर होगा जो कि अनुसूची 1 में विनिर्दिष्ट हैं।
2. भस्मन की आवश्यकता वाले अपशिष्टों के संग्रहण के लिए बैग क्लोरीन युक्त प्लास्टिक से बने नहीं होंगे।
3. प्रवर्ग 8 और 10 (द्रव्य) के लिए आधानों बैगों आवश्यकता नहीं है।
4. प्रवर्ग 3, यदि स्थानिक रूप से विसंक्रमित है तो उसे आधानों बैगों में रखना आवश्यक नहीं है।

## अनुसूची—3

**(नियम 6 देखिए)**

**जीव चिकित्सा अपशिष्ट पात्रों/बैगों के लिए लेबल**

| जैविक खतरे का प्रतीक | कोशिका—आविष खतरा प्रतीक |
|---|---|
|  जैविक खतरा |  कोशिका आविष |

हस्तन में सावधानी

टिप्पण : लेबल पानी से न घुलने वाला और प्रमुखतया दृष्टि गोचर होगा।

## अनुसूची 4

(नियम 6 देखिए)

**जीव चिकित्सा अपशिष्ट पात्रों/बैगों के परिवहन के लिए लेबल**

दिन————मास———वर्ष———

अपशिष्ट कोटि सं.———————  उत्पत्ति की तारीख———————

अपशिष्ट का वर्ग

अपशिष्ट का प्रकार

भेजने वाले का नाम और पता  पाने वाले का नाम और पता

फोन सं. ——————————  फोन सं. ——————————

टैलेक्स सं. ——————————  टैलेक्स सं. ——————————

फैक्स सं.——————————  फैक्स सं.——————————

व्यक्ति जिससे संपर्क किया जा सके कृपया आपातकालीन स्थिति में निम्नलिखित से संपर्क करें :  व्यक्ति जिससे संपर्क किया जा सके

नाम और पता :—

फोन नं. :

टिप्पण :

लेबल पानी से न घुलने वाला और प्रमुखतया दृष्टिगोचर होगा ।

## अनुसूची 5

(नियम 5 और अनुसूची-1 देखिए)

**जीव चिकित्सा अपशिष्ट के उपचार और व्ययन के लिए मानक भस्मकों के लिए मानक**

सभी भस्मक, प्रचालन और उत्सर्जक के निम्नलिखित मानकों को पूरा करेंगे :

क. प्रचालन मानक

1. ज्वलन दक्षता (सी ई) कम-से-कम 99.00 प्रतिशत होगी।
2. इसकी संगणना निम्नलिखित रूप से की गई है :

$$\text{सी. ई.} \frac{\text{प्रतिशत सी.ओ. 2}}{\text{प्रतिशत सी.ओ. 2} - \text{प्रतिशत सी.ओ.}} 100$$

3. प्राथमिक चैम्बर का ताप 800 $\pm$ 50 डिग्री सेंटीग्रेड होगा।
4. द्वितीय चैम्बर में गैस रेजिडेन्स के समय स्टैक गैस में न्यूनतम 3 प्रतिशत आक्सीजन के साथ 1050 $\pm$ 50 सेंटीग्रेड पर कम से कम 1 (एक) सैकिंड होगा।

उत्सर्जन मानक

| प्राचल | सांद्रण मि.ग्रा./एन एम 3(12 प्रतिशत सी ओ 2 संशोधन) |
|---|---|
| 1. विविक्त पदार्थ | 150 |
| 2. नाइट्रोजन आक्साइड | 450 |
| 3. एच सी आई | 50 |

4. स्टेक की न्यूनतम ऊँचाई 30 मीटर भूमि के ऊपर होगा।
5. राख में वाष्पशील आर्गनिक 0.01 प्रतिशत से अनधिक होगा।

टिप्पण :—

1. उपर्युक्त उत्सर्जन सीमाओं को प्राप्त करने के लिए यदि आवश्यक हो तो भस्मक में उपयुक्त रूप से डिजाइन की गई प्रदूषण नियंत्रण युक्तियां प्रतिस्थापित/पूर्व फिटिड होगी।
2. भस्मित किए जाने वाला सम्पूर्ण अपशिष्ट किसी क्लोरीन युक्त विसंक्रमक से रसायनिक रूप से उपचारित नहीं होगा।

* क्लोरी युक्त प्लास्टिक का भस्मन नहीं किया जाएगा।
* भस्मित राख में आविष धातुओं की मात्रा खतरनाक अपशिष्ट (प्रबंध और हस्तन नियम), 1989 के अधीन यथा परिभाषित विनियम परिमाणों के तक सीमित होगी।
* भस्मक में केवल कम सलफर से युक्त ईंधन जैसे एल.डी.ओ./एल.एस.एच.एस/डीजल का ही प्रयोग किया जाएगा।

अपशिष्ट आटोक्लेविंग के लिए मानक:—आटोक्लेव जैव चिकित्सीय अपशिष्ट के प्रयोजन के लिए समर्पित होना चाहिए।

(1) जब घनत्व प्रवाह आटोक्लेव को संचालित किया जा रहा हो तो चिकित्सीय अपशिष्ट को—

(i) कम से कम 60 मिनट ओटोक्लेव रेजिडेंस समय तक, 121 सें. तापमान और 15 पाउंड प्रति वर्ग इंच संपीड़न से होकर,

(ii) कम से कम 45 मिनट आटोक्लेव रेजिडेंस समय तक, कम से कम 135 सें. तापमान और 31 पाउंड प्रति वर्ग इंच संपीड़न से होकर, या

(iii) कम से कम 30 मिनट आटोक्लेव रेजिडेंस समय तक, कम से कम 149 सें. तापमान और 52 पाउंड प्रति वर्ग इंच संपीड़न से होकर गुजारा जाएगा।

(2) जब किसी वैकम आटोक्लेव को संचालित किया जा रहा हो तो चिकित्सीय अपशिष्ट को कम से कम एक प्रिवेकम पल्स से होकर गुजारा जाएगा जिससे कि आटोक्लेव से सभी वायु से शुद्ध हो जाए।

अपशिष्ट को—

(i) कम से कम 45 मिनट ओटोक्लेव रेजिडेंस समय तक, कम से कम 121 सें. तापमान और 15 पाउंड प्रति वर्ग इंच संपीड़न से होकर, या

(ii) कम से कम 30 मिनट आटोक्लेव रेजिडेंस समय तक, कम से कम 135 सें. तापमान और 31 पाउंड प्रति वर्ग इंच संपीड़न से होकर गुजारा जाएगा।

(iii) चिकित्सीय अपशिष्ट को तब तक समुचित रूप से उपचारित नहीं समझा जाएगा जब तक कि सभी समय, तापमान और संपीड़न यह उपदर्शित न करें कि आक्टोक्लेव प्रक्रिया के दौरान, अपेक्षित समय, तापमान और संपीड़न प्राप्त कर लिया गया है। यदि किसी कारणवश समय, तापमान या संपीड़न उपदर्शित यह दिखाता है कि अपेक्षित, तापमान या संपीड़न या रेजिडेंस समय प्राप्त नहीं किया गया तो चिकित्सीय अपशिष्ट के संपूर्ण भार को तब तक पुनः आक्टोक्लेव किया जाएगा जब तक कि समुचित तापमान, संपीड़न और रेजिडेंस समय प्राप्त नहीं कर लिया जाता।

(iv) संक्रियात्मक पारामीटर की रिकार्डिंग :—प्रत्येक आक्टोक्लेव में ग्राफिक या कम्प्यूटर रिकार्डिंग युक्ति होगी जो स्वतः और निरन्तर, तारीख, समय दिन, भार पहचान संख्या और पूरे आक्टोक्लेव चक्र के प्रचालन पारामीटर की रिकार्डिंग करेगी।

(v) विधिमान्यकरण परीक्षण स्पोर परीक्षण:— स्पोर परीक्षण आक्टाक्लेव को, प्रत्येक आक्टोक्लेव ईकाई की अधिकतम डिजाइन क्षमता पर अनुमोदित, जैविक उपसंकेतक को पूर्णतः और समान रूप से खत्म करना चाहिए। आक्टोक्लेव के लिए जैविक उपसंकेतक होगा बैसिलस स्टिरोथर्मोफिलस स्पोर, जिसमें कम से कम प्रति मिलीमीटर $1\times10^4$ स्पोर वाली वायल या स्पोर स्ट्रिप का प्रयोग होगा। किसी भी परिस्थिति में किसी आक्टाक्लेव में न्यूनतम 30 मिनट के रेजिडेंस समय से कम वाला प्रचालन पैरामीटर न होगा चाहे तापमान और संपीड़न कुछ भी हो और तापमान 121 सें. या संपीड़न 15 पाउंड वर्ग इंच से कम नहीं होगा।

(vi) नैमिक परीक्षण :—एक ऐसी रासायनिक संकेतक पट्टी/अेप का जो तब अपना रंग बदलती है जब एक विशेष तापमान तक पहुंचा जाता है उसका प्रयोग इस बात का सत्यापन करने के लिए किया जा सकता है कि एक विशिष्ट तापमान प्राप्त कर लिया गया है। एक से अधिक स्ट्रिप का विभिन्न अवस्थानों पर अपशिष्ट पैकेजों पर प्रयोग यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक हो सकता है कि पैकेज की अंदरूनी अंतर्वस्तु का पर्याप्त रूप से आटोक्लेव हो गया है।

द्रव अपशिष्ट के लिए मानक :—अस्पताल से जनन होने वाला बहि:स्राव निम्नलिखित सीमाओं के अनुरूप होगा :—

| प्राचल | अनुज्ञेय सीमाएं |
|---|---|
| पी एच | 6.5—9.0 |
| निलंबित ठोस | 100 मि.ग्रा./1 |
| तेल और ग्रीस | 10 मी.ग्रा./1 |
| बी ओ डी | 30 मी.ग्रा./1 |
| सी ओ डी | 250 मि.ग्रा./1 |
| जैव अमापन परीक्षण | 100 प्रतिशत बहि:स्राव में 96 घंटे रहने के पश्चात् 90 प्रतिशत मत्स्य उपजीविता |

* ये सीमाएं ऐसे अस्पतालों पर लागू हैं जो अन्त्यवाहित (टर्मिनल) मल उपचार संयंत्र के बिना मल नाली से जुड़ते हैं या सार्वजनिक मल नालियों से नहीं जुड़ते। ऐसे सार्वजनिक मल नलों में विसर्जन के लिए जिनमें अन्त्य (टर्मिनल) सुविधा है, साधारण मानक, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के अधीन लागू किए जाने के लिए यथा अधिसूचित हैं।

सूक्ष्म तरंगन के मानक

1. सूक्ष्म तरंग उपचार कोशिका आविष, खतरनाक या रेडियो एक्टिव अपशिष्ट, विसंदूषित पशु शव, शरीर के अंगों और धातु की बड़ी वस्तुओं के लिए प्रयोग नहीं किया जाएगा।
2. सूक्ष्म तरंग पद्धति प्रभावोत्पादकता परीक्षण/नेमी परीक्षणों का पालन करेगी और यूनिट के प्रचालन से पूर्व प्रदायकर्ता निष्पादन गारंटी देगा।
3. सूक्ष्म तरंग, प्रत्येक सूक्ष्म तरंग यूनिट की अधिकतम डिजाइन क्षमता पर बैक्टीरिया और अन्य रोगोत्पादक जीवों को, जैसा कि अनुमोदित जैव सूचक द्वारा सुनिश्चित किया जाता है, पूर्णतया और निरन्तर समाप्त करेगा। सूक्ष्म तरंग के लिए जैव सूचक, कूपिक या स्पोर स्ट्रिप का प्रयोग करते हुए बेसिलस सबटिलिस स्पोर जिसमें प्रति मिलीमीटर में कम से कम 1 × 10 प्रतिशत स्पोर हैं।

गहरा गाड़ने के लिए मानक

1. लगभग 2 मीटर गहरा एक गड्ढा या खंदक खोदी जानी चाहिए। गड्ढे या खंदक की आधी भराई अपशिष्ट से करनी चाहिए और शेष को मिट्टी से भरने से पूर्व उसकी सतह को 50 से. मी. तक चूने से ढकना चाहिए।
2. यह अवश्य सुनिश्चित कर लें कि पशु किसी गाड़ने के स्थान तक न पहुंच पाएं गल्वनीकृत लोहे/तारों की जालियों के कवर उपयोग में लाए जा सकते हैं।
3. प्रत्येक उस समय जब अपशिष्ट गर्त में डाला जाए तो अपशिष्ट को ढकने के लिए 10 सें. मी. मृदा की परत डाली जाए।
4. गर्त में डालकर ढकने का कार्य समर्पित पर्यवेक्षण में होना चाहिए।
5. गर्त में डालकर ढकने का स्थल, कठोर होना चाहिए और उसके समीप कोई उथला कुआं न हो।
6. गर्त निवास स्थानों से दूर ऐसे स्थानों पर होने चाहिए कि पृष्ठ जल अथवा भू-जल को किसी प्रकार का संदूषण न हो। वह क्षेत्र बाढ़ अथवा अपरदन ग्रस्त क्षेत्र नहीं होना चाहिए।
7. गहरे गर्त में डालकर ढंकने का स्थल, विहित प्राधिकारी द्वारा प्राधिकृत होना चाहिए।
8. इस प्रकार के सभी गड्डों के स्थान रिकार्ड किए जाएंगे और यह रिकार्ड रखा जाएगा।

## अनुसूची 6

(देखिए नियम 5)

भस्मक/आटोक्लेव/सूक्ष्म तरंगन प्रणाली जैसी अपशिष्ट शोधन सुविधा प्रारंभ करने के लिए नियत समय

| | |
|---|---|
| क. 30 लाख और उससे अधिक आबादी वाले शहरों में अस्पताल और नर्सिंग होम | 31 दिसंबर, 1999 तक या उससे पहले |
| ख. 30 लाख से कम आबादी वाले शहरों में अस्पताल और नर्सिंग होम | |
| (क) 500 और उससे अधिक बिस्तर वाले | 31 दिसंबर, 1999 तक या उससे पहले |
| (ख) 200 और उससे अधिक किन्तु 500 से कम बिस्तर वाले | 31 दिसंबर, 2000 तक या उससे पहले |
| (ग) 50 तथा उससे अधिक किन्तु 200 से कम बिस्तर वाले | 31 दिसंबर, 2001 तक या उससे पहले |
| (घ) 50 से कम बिस्तर वाले | 31 दिसंबर, 2002 तक या उससे पहले |
| ग. ऊपर "क" और "ख" में शामिल न किए गए जैव-चिकित्सीय अपशिष्ट उत्पन्न करने वाली अन्य सभी संस्थाएं | 31 दिसंबर, 2002 तक या उससे पहले |

## प्रारूप 1

(नियम 8 देखिए)

प्राधिकार आवेदन

सेवा में,

विहित प्राधिकारी

(राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन का नाम)

1. आवेदक की विशिष्टियां

(i) आवेदक का नाम (स्पष्ट अक्षरों में और पूरा नाम लिखें)

(ii) संस्था का नाम :

पूरा पता :

(टेलीफोन सं. फैक्स सं., टेलेकस सं.)

2. क्रियाकलाप जिनके लिए प्राधिकार मांगा गया है :

(i) जनन

(ii) पृथक्करण

(iii) अभिग्रहण

(iv) भण्डारण

(v) परिवहन

(vi) उपचार

(vii) व्ययन

(viii) हस्तन का कोई अन्य प्रकार

3. आवेदन नए प्राधिकार के लिए है या नवीकरण के लिए ?
(नवीकरण की दशा में पूर्व प्राधिकार की संख्या और तारीख)

4. (i) जैव चिकित्सकीय अपशेष का हस्तन करने वाली संस्था का पता

(ii) उपचार की सुविधा के स्थान का पता :

(iii) अपशिष्ट के व्ययन के स्थान का पता :

5. (i) परिवहन का/के ढंग

(ii) पृथक्करण की पद्धति/पद्धतियां/तकनीकियां

6. उपचार एवं निपटान की पद्धति का संक्षिप्त ब्यौरा (ब्यौरा संलग्न करें)

7. (i) हस्तन किए जाने वाले अपशिष्ट का प्रवर्ग (देखें अनुसूची 1)

(ii) प्रतिमास हस्तन की जाने वाली अपशेष (श्रेणीवार) की मात्रा

8. घोषणा

मैं घोषणा करता हूँ कि ऊपर किए गए कथन और दी गई जानकारी मेरे सर्वोत्तम ज्ञान को विश्वास के अनुसार सही है तथा इन कथनों की बाबत मेरे पास उपलब्ध कोई जानकारी छिपाई नहीं गई है। मैं इन नियमों के संबंध में नियत प्राधिकारी द्वारा मांगी कोई भी अन्य सूचना देने और नियत प्राधिकारी द्वारा निर्धारित कोई भी शर्तें पूरी करने का भी वचन देता हूँ।

आवेदक के हस्ताक्षर
आवेदक का पदनाम

तारीख

स्थान :

**प्रारूप 2**

(नियम 10 देखिए)

वार्षिक रिपोर्ट

(प्रत्येक वर्ष जनवरी मास में विहित प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी)

1. आवेदक की विशिष्टियां

(i) प्राधिकृत व्यक्ति का नाम (अधिभोगी/प्रचालक)

(ii) संस्था का नाम

पता

टेलीफोन सं.

टेलेक्स सं.

फैक्स सं.

2. मासिक औसत आधार पर जनन किए गए अपशिष्ट का प्रवर्ग और मात्रा,

3. उपचार सुविधा के विस्तृत ब्यौरे

आफ-साइट सुविधा के मामले में

(i) प्रचालक व्यक्ति का नाम

(ii) सुविधा का नाम और पता

टेलीफोन सं. टेलेक्स सं. फैक्स सं.

4. उपचारित अपशिष्ट की श्रेणी वार मात्रा

5. उपचार की पद्धति ब्यौरों सहित

6. अन्य कोई सूचना :

7. प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त रिपोर्ट —————————————— से प्रारम्भ होने वाली अवधि के लिए है।

हस्ताक्षर——————

पदनाम——————

तारीख ——————

स्थान ——————

प्रारूप 3

(नियम 12 देखिए)

दुर्घटना की रिपोर्ट

1. दुर्घटना की तारीख और समय

2. उन दुर्घटनाओं का क्रम जिनसे दुर्घटना हुई :

3. दुर्घटना में अंतर्वलित जैव चिकित्सीय अपशिष्ट :

4. मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण पर दुर्घटना के प्रभावों का मूल्यांकन

5. किए गए आपातकालीन उपाय :

6. दुर्घटनाओं के प्रभावों के निराकरण के लिए उठाए गए कदम।

7. ऐसी दुर्घटना के पुन: घटित होने को रोकने के लिए उठाए गए कदम।

हस्ताक्षर——————

पदनाम——————

तारीख ——————

स्थान ——————

[फा. सं. 23/2/96/एच एस एम डी]

विजय शर्मा, संयुक्त सचिव

**MINISTRY OF ENVIRONMENT AND FORESTS**

**NOTIFICATION**

New Delhi, 20th July, 1998

S.O. 630 (E).—Whereas a notification in exercise of the powers conferred by Sections 6, 8 and 25 of the Environment (Protection) Act, 1986 (29 of 1986) was published in the Gazette vide S.O. 746 (E) dated 16 October, 1997 inviting objections from the public within 60 days from the date of the publication of the said notification on the Bio-Medical Waste (Management and Handling) Rules, 1998 and whereas all objections received were duly considered:

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by section 6, 8 and 25 of the Environment (Protection) Act, 1986 the Central Government hereby notifies the rules for the management and handling of bio-medical waste.

1. SHORT TITLE AND COMMENCEMENT :

(1) These rules may be called the Bio-Medical Waste (Management and Handling) Rules, 1998.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the official Gazette.

2. **APPLICATION:**

These rules apply to all persons who generate, collect, receive, store, transport, treat, dispose, or handle bio-medical waste in any form.

3. **DEFINITIONS:** In these rules unless the context otherwise requires :—

(1) **"Act"** means the Environment (Protection) Act, 1986 (29 of 1986);

(2) **"Animal House"** means a place where animals are reared/kept for experiments or testing purposes;

(3) **"Authorisation"** means permission granted by the prescribed authority for the generation, collection, reception, storage, transportation, treatment, disposal and/or any other form of handling of bio-medical waste in accordance with these rules and any guidelines issued by the Central Government.

(4) **"Authorised person"** means an occupier or operator authorised by the prescribed authority to generate, collect, receive, store, transport, treat, dispose and/or handle bio-medical waste in accordance with these rules and any guidelines issued by the Central Government;

(5) **"Bio-medical waste"** means any waste, which is generated during the diagnosis, treatment or immunisation of human beings or animals or in research activities pertaining thereto or in the production or testing of biologicals, and including categories mentioned in Schedule I;

(6) **"Biologicals"** means any preparation made from organisms or micro-organisms or product of metabolism and biochemical reactions intended for use in the diagnosis, immunisation or the treatment of human beings or animals or in research activities pertaining thereto;

(7) **"Bio-medical waste treatment facility"** means any facility wherein treatment, disposal of bio-medical waste or processes incidental to such treatment or disposal is carried out;

(8) **"Occupier"** in relation to any institution generating bio-medical waste, which includes a hospital, nursing home, clinic dispensary, veterinary institution, animal house, pathological laboratory, blood bank by whatever name called, means a person who has control over that institution and/or its premises;

(9) **"Operator of a bio-medical waste facility"** means a person who owns or controls or operates a facility for the collection, reception, storage, transport, treatment, disposal or any other form of handling of bio-medical waste;

(10) "Schedule" means schedule appended to these rules;

4. **DUTY OF OCCUPIER:**

It shall be the duty of every occupier of an institution generating bio-medical waste which includes a hospital, nursing home, clinic, dispensary, veterinary institution, animal house, pathological laboratory, blood bank by whatever name called to take all steps to ensure that such waste is handled without any adverse effect to human health and the environment.

5. **TREATMENT AND DISPOSAL**

(1) Bio-medical waste shall be treated and disposed of in accordance with Schedule I, and in compliance with the standards prescribed in Schedule V.

(2) Every occupier, where required, shall set up in accordance with the time-schedule in Schedule VI, requisite bio-medical waste treatment facilities like incinerator, autoclave, microwave system for the treatment of waste, or, ensure requisite treatment of waste at a common waste treatment facility or any other waste treatment facility.

6. **SEGREGATION, PACKAGING, TRANSPORTATION AND STORAGE**

(1) Bio-medical waste shall not be mixed with other wastes.

(2) Bio-medical waste shall be segregated into containers/bags at the point of generation in accordance with Schedule II prior to its storage, transportation, treatment and disposal. The containers shall be labeled according to Schedule III.

(3) If a container is transported from the premises where bio-medical waste is generated to any waste treatment facility outside the premises, the container shall, apart from the label prescribed in Schedule III, also carry information prescribed in Schedule IV.

(4) Notwithstanding anything contained in the Motor Vehicles Act, 1988, or rules thereunder, untreated bio-medical waste shall be transported only in such vehicle as may be authorised for the purpose by the competent authority as specified by the government.

(5) No untreated bio-medical waste shall be kept stored beyond a period of 48 hours :

Provided that if for any reason it becomes necessary to store the waste beyond such period, the authorised person must take permission of the prescribed authority and take measures to ensure that the waste does not adversely affect human health and the environment.

6)

7. **PRESCRIBED AUTHORITY**

(1) The Government of every State and Union Territory shall establish a prescribed authority with such members as may be specified for granting authorisation and implementing these rules. If the prescribed authority comprises of more than one member, a chairperson for the authority shall be designated.

(2) The prescribed authority for the State or Union Territory shall be appointed within one month of the coming into force of these rules.

(3) The prescribed authority shall function under the supervision and control of the respective Government of the State or Union Territory.

(4) The prescribed authority shall on receipt of Form I make such enquiry as it deems fit and if it is satisfied that the applicant possesses the necessary capacity to handle bio-medical waste in accordance with these rules, grant or renew an authorisation as the case may be.

(5) An authorisation shall be granted for a period of three years, including an initial trial period of one year from the date of issue. Thereafter, an application shall be made by the occupier/operator for renewal. All such subsequent authorisation shall be for a period of three years. A provisional authorisation will be granted for the trial period, to enable the occupier/operator to demonstrate the capacity of the facility.

(6) The prescribed authority may after giving reasonable opportunity of being heard to the applicant and for reasons thereof to be recorded in writing, refuse to grant or renew authorisation.

(7) Every application for authorisation shall be disposed of by the prescribed authority within ninety days from the date of receipt of the application.

(8) The prescribed authority may cancel or suspend an authorisation, if for reasons, to be recorded in writing, the occupier/operator has failed to comply with any provision of the Act or these rules :

Provided that no authorisation shall be cancelled or suspended without giving a reasonable opportunity to the occupier/operator of being heard.

8. **AUTHORISATION**

(1) Every occupier of an institution generating, collecting, receiving, storing, transporting, treating, disposing and/or handling bio-medical waste in any other manner, except such occupier of clinics, dispensaries, pathological laboratories, blood banks providing treatment/service to less than 1000 (one thousand) patients per month, shall make an application in Form I to the prescribed authority for grant of authorisation.

(2) Every operator of a bio-medical waste facility shall make an application in Form I to the prescribed authority for grant of authorisation.

(3) Every application in Form I for grant of authorisation shall be accompanied by a fee as may be prescribed by the Government of the State or Union Territory.

9. **ADVISORY COMMITTEE**

(1) The Government of every State/Union Territory shall constitute an advisory committee. The committee will include experts in the field of medical and health, animal husbandry and veterinary sciences, environmental management, municipal administration, and any other related department or organisation including non-governmental organisations. The State Pollution Control Board/Pollution Control Committee shall be represented. As and when required, the committee shall advise the Government of the State/Union Territory and the prescribed authority about matters related to the implementation of these rules.

(2) in amendment notification

10. **ANNUAL REPORT**

Every occupier/operator shall submit an annual report to the prescribed authority in Form II by 31 January every year, to include information about the categories and quantities of bio-medical wastes handled during the preceding year. The prescribed authority shall send this information in a compiled form to the Central Pollution Control Board by 31 March every year.

11. **MAINTENANCE OF RECORDS**

(1) Every authorised person shall maintain records related to the generation, collection, reception, storage, transporation, treatment, disposal and/or any form of handling of bio-medical waste in accordance with these rules and any guidelines issued.

(2) All records shall be subject to inspection and verification by the prescribed authority at any time.

12. **ACCIDENT REPORTING**

When any accident occurs at any institution or facility or any other site where bio-medical waste is handled or during transportation of such waste, the authorised person shall report the accident in Form III to the prescribed authority forthwith.

13. **APPEAL**

Any person aggrieved by an order made by the prescribed authority under these rules may, within thirty days from the date on which the order is communicated to him, prefer an appeal to such authority as the Government of State/Union Territory may think fit to constitute :

Provided that the authority may entertain the appeal after the expiry of the said period of thirty days if it is satisfied that the appellant was prevented by sufficient cause from filing the appeal in time.

**SCHEDULE I**

(See Rule 5)

**CATEGORIES OF BIO-MEDICAL WASTE**

| Option | Waste Category | Treatment & Disposal |
|---|---|---|
| Category No. 1 | Human Anatomical Waste<br>(human tissues, organs, body parts) | incineration@/deep burial* |
| Category No. 2 | Animal Waste<br>(animal tissues, organs, body parts carcasses, bleeding parts, fluid, blood and experimental animals used in research, waste generated by veterinary hospitals colleges, discharge from hospitals, animal houses) | incineration@/deep burial* |
| Category No 3 | Microbiology & Biotechnology Waste<br>(wastes from laboratory cultures, stocks or specimens of micro-organisms live or attenuated vaccines, human and animal cell culture used in research and infectious agents from research and industrial laboratories, wastes from production of biologicals, toxins, dishes and devices used for transfer of cultures) | local autoclaving/micro-waving/incineration@ |
| Category No 4 | Waste sharps<br>(needles, syringes, scalpels, blades, glass, etc. that may cause puncture and cuts. This includes both used and unused sharps) | disinfection (chemical treatment@@/auto claving/micro-waving and mutilation/shredding## |
